मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
Chief Electoral Officer, Uttarakhand

विश्वकर्मा भवन प्रथम तल, सचिवालय परिसर देहरादून 248001

अमर उजाला

# कहीं बदल तो नहीं गया पोलिंग बूथ, चेक करें

## चुनाव आयोग ने एसआईआर के बाद कई मतदाताओं के बूथों में किया बदलाव

**देहरादून।** चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद अपना वोट जरूर सर्च कर लें। कहीं ऐसा तो नहीं कि आपका मतदान केंद्र बदल गया हो। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग ने 1200 से अधिक मतदाता होने पर बाकी मतदाताओं को नए मतदान केंद्र पर शिफ्ट कर दिया है।



प्रदेश में एसआईआर शुरू होने से पहले मतदान केंद्रों की संख्या 11,733 थीं। एसआईआर के बाद उन सभी मतदान केंद्रों का पुनर्निर्धारण किया गया, जहां 1200 से अधिक मतदाता थे। इसके बाद प्रदेश में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 12,543 हो गई है। यानी 810 नए मतदान केंद्र बन गए हैं। इसके साथ ही उन सभी मतदाताओं को यहां शिफ्ट कर दिया गया है, जो कि पूर्व मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक की सीमा से ऊपर जा रहे थे।

चुनाव आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाएं। यहां Search Your Name In Voter List के विकल्प पर क्लिक करें। यहां तीन तरह से अपना नाम सर्च कर सकते हैं। पहला अपना वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर, दूसरा अपना नाम डालकर और तीसरा अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से। आपका नाम और पूरी जानकारी खुलकर सामने आ जाएगी। चुनाव आयोग ने एसआईआर के बाद उन 8.26 लाख मतदाताओं की सूची भी जारी की है, जिनके नाम काटे गए हैं।

वहीं, नोटिस वाले मतदाता भी अपनी जानकारी वेबसाइट पर देख सकते हैं। अगर आपका मतदान केंद्र बदल गया होगा तो घबराएं नहीं। नया मतदान केंद्र भी आपके घर से दो किमी की दूरी तक ही होगा। आपको पहले से इसकी जानकारी होगी तो चुनाव के लिए वोट डालने में परेशानी नहीं होगी। ब्यूरो